भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-* 185
बुधवार, 11 मार्च, 2020/21 फाल्गुन, 1941 (शक)

देश में शिक्षित बेरोजगारी की स्थिति

*185. डा० एल० हनुमंतय्याः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि शिक्षित बेरोजगारी देश की एक व्यापक समस्या है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इस बात पर भी ध्यान दिया है कि शिक्षा में नामांकन में वृद्धि हुई है और दूसरी ओर बेरोजगारी भी बढ़ रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) एवं (ख): एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

**

देश में शिक्षित बेरोजगारी की स्थिति के संबंध में डा॰ एल॰ हनुमंतय्या द्वारा पूछे गए राज्य सभा के दिनांक 11.03.2020 के तारांकित प्रश्न संख्या *185 के भाग (क) एवं (ख) के लिए दिए जाने वाले उत्तर में संदर्भित विवरण

(क) एवं (ख): जी हां। नियोजनीयता में सुधार करते हुए रोजगार का सृजन करना सरकार की प्राथमिकता रही है। सरकार ने देश में रोजगार का सृजन करने के लिए अर्थव्यवस्था के निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने, पर्याप्त निवेश वाली विभिन्न परियोजनाओं को गति प्रदान करने तथा विभिन्न योजनाओं पर सार्वजिक व्यय में वृद्धि करने जैसे विभिन्न कदम उठाए हैं। उद्यमशीलता को बढ़ावा देने तथा आर्थिक विकास में उत्पादक रूप से योगदान देने के लिए युवाओं को समर्थ बनाने हेतु, भारत सरकार ने स्टार्ट-अप इंडिया, स्किल इंडिया मिशन, मुद्रा योजना, एएसपीआईआरई (नवप्रवर्तन, ग्रामीण उद्योग एवं उद्यमशीलता के संवर्द्धन के लिए योजना) आदि जैसे विभिन्न उपायों के माध्यम से प्राथमिकता दी है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा 2018-19 के दौरान आयोजित किए गए उच्चतर शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण के अनुसार, 2014-15 के दौरान उच्चतर शिक्षा में कुल नामांकन 3.42 करोड़ होने का अनुमान लगाया गया है जो 2018-19 के दौरान बढ़कर 3.74 करोड़ हो गया है। **राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा 2017-18 के दौरान आयोजित किए गए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के परिणाम के अनुसार, देश में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित बेरोजगारी दर 6.0% थी।**

******